II Semester B.Com. Examination, May/June 2018
(F+R)(CBCS) (2016 – 17 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – II
Kavitha, Vanijya Patra aur Anuvad

Time : 3 Hours   Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए : (10×1=10)

1) पावस ऋतु में कौन मौन हो जाती है ?

2) द्विजराज कहाँ आ कर बस जाते हैं ?

3) कवि बच्चन कलियों को छेद-छेद कर क्या बनाते थे ?

4) 'पूंजीवादी समाज के प्रति' कविता के कवि का नाम क्या है ?

5) राष्ट्रीय ध्वज किस श्रृंग पर खड़ी हुई है ?

6) ड्राइवर की बेटी का नाम क्या है ?

7) क्या पाने तक कवि को विराम नहीं है ?

8) चींटी की देह की तुलना किससे की गई है ?

9) वीरना हुए आंगन में हत्याकांड के बाद क्या चढ़ता है ?

10) बेटी की आँखे किस पर जलते घी के दो दिये समान है ?

II. सदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (1×6=6)

अ) मिलै जो सरलहि सरल है कुटिल न सहज बिहाइ।
सो सहेतु ज्यों बक्र गति ब्याल न बिलहिं समाई।।

अथवा

कनकु कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाइ।
उहिं खायैं बौराइ, इहिं पायैं ही बौराइ।।

P.T.O.

आ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(1×6=6)**

वह भी क्या देही है, तिल सी ?
प्राणों की रिलमिल झिलमिल-सी।
दिनभर में वह मीलों चलती,
अथक कार्य से कभी न टलती।

अथवा

छोडो हाय, केवल घष्णा और दुर्गंध
तेरी रेशमी वह शब्द-संस्कृति अंध
देती क्रोध मुझको, खूब जलता क्रोध
तेरे रक्त में भी सत्य का अवरोध।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए : **(1×12=12)**

1) गुलाबी चूड़ियाँ।

2) चलना हमारा काम है।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×6=6)**

1) कलियों से।

2) सबसे खतरनाक।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : **(2×10=20)**

1) अनिल पुस्तक मंदिर, अवेन्यू मार्ग, बेंगलूरू – I की ओर से, सर्वश्री पंकज प्रकाशन, स्टेशन रोड़, इलाहाबाद को खराब संवेष्टन की शिकायत करते हुए क्षतिग्रस्त पुस्तकों की क्षति-पूर्ति करने हेतू एक शिकायती पत्र लिखिए।

2) आपकी संस्था के चेक का भुगतान न किए जाने के सम्बन्ध में बैंक से स्पष्टीकरण माँगते हुए, शाखा प्रबंधक, सिंडिकेट बैंक गांधीनगर, बेंगलूरू को एक पत्र लिखिए।

3) आपके प्रतिष्ठान के लिए अग्नि-बीमा करवाने हेतू आवश्यक जानकारी भिजवाने का अनुरोध करते हुए, व्यवस्थापक, जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड़, जे. सी. मार्ग बेंगलूरू के नाम एक पत्र लिखिए।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (10×1=10)

1) Agent
2) Balance opening
3) Declaration
4) Exchequer
5) Half yearly
6) Nominee
7) Secretariat
8) Drawing officer
9) Vigilance
10) Selection Board.